# कुंजी

Tender Heart High School, Sec. 33-B, CHD

'कुंजी'

कक्षा - सातवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी साहित्य (पाठ-5 'अशोक की कलिंग-विजय')

पुस्तक - नवतरंग भाग-7

## पाठबोध

निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए -

प्रश्न-(क) अशोक कौन था?

उत्तर- अशोक मौर्य राजवंश के महान शासक थे। वे मगध के सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के पौत्र और बिंदुसार के पुत्र थे। आचार्य चाणक्य ने सम्राट अशोक को एक सफल और कुशल सम्राट होने के सभी गुण सिखाए थे। अशोक बचपन से ही साम्राज्य के कार्यों में हाथ बँटाने लग गए थे। इसीलिए उनके पिता ने उन्हें कम उम्र में ही सम्राट घोषित कर दिया था।

प्रश्न-(ख) इस कविता का शीर्षक उपयुक्त है या नहीं? अपने मन से इस कविता को कोई अन्य शीर्षक दीजिए।

उत्तर- इस कविता का शीर्षक उपयुक्त है क्योंकि यह कविता अशोक के जीवन की सबसे बड़ी घटना कलिंग युद्ध पर लिखी गई है। कवि जयशंकर प्रसाद ने इस कविता में कलिंग युद्ध का विस्तृत वर्णन किया है।

* कविता का शीर्षक बच्चे स्वयं लिखेंगे।

## विस्तार से :-

प्रश्न(क) 'ओ' कहाँ कलिंग! ज्वलंत तवे पर ज्यों पानी - इस पंक्ति का क्या अर्थ है?

उत्तर- 'ओ' कहाँ कलिंग! ज्वलंत तवे पर ज्यों पानी - इस पंक्ति का अर्थ है कि कलिंग एक बहुत छोटा-सा राज्य है और मगध एक महाशक्तिशाली राज्य। जो तूफ़ान और आग की तरह आगे बढ़ रहा है। कवि ने कलिंग और मगध

कुंजी

कक्षा- सातवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी साहित्य (पाठ-5 'अशोक की कलिंग-विजय')

की तुलना यहाँ बहुत गरम तवे पर पानी की बूँदों से की है। जिस प्रकार गर्म तवे पर पड़कर पानी की बूँदों का अस्तित्व खत्म हो जाता है, उसी प्रकार कलिंग सेना भी मगध की सेना के आगे टिक नहीं पाएगी अर्थात् कलिंग की हार निश्चित है।

प्रश्न(ख) अशोक की आँखों में पानी क्यों आ गया?
उत्तर- कलिंग युद्ध खत्म होने के बाद अशोक की सेना ने कलिंग का युद्ध जीत लिया था, परन्तु युद्ध जीतने के बाद भी अशोक की आँखों में आँसू थे क्योंकि कलिंग के युद्ध में इतना नरसंहार हुआ था जिसे देखकर अशोक का मन व्याकुल हो गया था। इस युद्ध में बहुत-सी माताओं ने अपने जवान बेटे और बहुत-सी औरतों के सुहाग छिन गए थे। चारों ओर हाहाकार मचा हुआ था। यह सब देखकर अशोक के हृदय को आघात पहुँचा। वह सोचने लगा कि उसने एक जीत के लिए हज़ारों लोगों के जीवन की बलि दे दी। यह सब देखकर और सोचकर ही अशोक की आँखों में पानी आ गया था।

प्रश्न(ग) कविता के आधार पर कलिंग युद्ध का वर्णन कीजिए।
उत्तर- गंगा नदी के तट पर पाटलिपुत्र नाम की विशाल नगरी बसी हुई थी, जहाँ मौर्य कुल के शासक सम्राट अशोक का राज था। उनका साम्राज्य उस समय तक का सबसे बड़ा साम्राज्य था। जिस समय मगध और कलिंग के बीच युद्ध की घोषणा हुई तो अशोक की विशाल सेना हाथी, घोड़े, रथ और पैदल ही कलिंग की ओर चल पड़ते हैं। सेना इतनी तेज़ी और क्रोध से आगे बढ़ती है कि रास्ते में सब नदियाँ, झरने, पर्वत आदि भी उनके मार्ग में बाधा नहीं बनते। जब अशोक की सेना कलिंग सीमा पर पहुँची तो सूर्य ढलने के कारण वे वहीं रुक गए और सुबह होते ही दोनों सेनाओं में



Scanned with CamScanner

# कुंजी

कक्षा- सातवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी साहित्य (पाठ-5 'अशोक की कलिंग-विजय')

भयानक युद्ध शुरू हो गया। इतना भयानक युद्ध हुआ जिसमें कि दोनों ओर की सेना का सबसे बड़ा नरसंहार हुआ। इस युद्ध में अशोक की सेना जीत गई। इतनी बड़ी जीत के बाद भी अशोक की आँखों में आँसू थे। वह उदास था। इस घटना को देखते हुए अशोक ने अपनी सेना से कहा कि जाओ घायलों को पानी पिलाओ और उनका उपचार करो। आज ही अपने शस्त्र फेंक दो और सबके साथ मानवता का व्यवहार करो। अशोक ने कलिंग की जो सेना बंदी बनाई थी उसे आजाद कर दिया साथ ही उनके राज्य को भी स्वतंत्र कर दिया। इस प्रकार कलिंग युद्ध ने अशोक के जीवन को ही बदल कर रख दिया।

*———*